# <u>रेलवे भर्ती सेल</u>
# <u>पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर</u>

## <u>वर्ष 2025-26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत भर्ती</u>
## रोजगार सूचना संख्या:- एनईआर/आरआरसी/सीक्यू/2025-26 दिनांक 24.09.2025

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय** | **25.09.2025 10:00 बजे** |
| **ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय** | **24.10.2025 18:00 बजे** |

वर्ष 2025-26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत लेवल-2 (ग्रेड पे-1900) में ग्रुप-सी के 02 पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **<u>www.ner.indianrailways.gov.in</u>** पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं ।

1. **पदों का विवरण:**
   **(क) गायक (पुरुष) हिन्दुस्तानी शैली में शास्त्रीय: -** 01 पद
   **(ख) नृत्य (महिला) कथक:-** 01 पद

   **नोट: -** किसी समुदाय विशेष के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है ।

2. **अनिवार्य योग्यतायें:**
   **(क) <u>अनिवार्य शैक्षिक योग्यता:</u>**
   50% अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण या इसके समकक्ष (अजा०, अजजा०, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक तथा 12वीं कक्षा से उच्चतर शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए 12वीं में 50% अंकों की बाध्यता नहीं होगी)

   **अथवा**

   मैट्रिकुलेशन (10वीं उत्तीर्ण)/एसएसएलसी के साथ संगत ट्रेड में आईटीआई (एनसीवीटी/एससीवीटी से मान्यता प्राप्त)

   **अथवा**

   मैट्रिकुलेशन (10वीं उत्तीर्ण)/एसएसएलसी के साथ संगत ट्रेड में कोर्स कम्पलीटेड एक्ट अप्रेंटिस

   **(ख) <u>अनिवार्य सांस्कृतिक योग्यता:</u>** विज्ञापित पदों के संगत क्षेत्र में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट ।

3. **वांछनीय योग्यता**:
   **(i)** संगत सांस्कृतिक क्षेत्र में अनुभव तथा ऑल इंडिया रेडियो/दूरदर्शन पर किये गये प्रदर्शन ।
   **(ii)** राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त पुरस्कार ।

4. **आयु:** 18 से 30 वर्ष । आयु की गणना 01.01.2026 की तिथि पर की जाएगी ।

5. **आयु में छूट:** वांछित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की शर्त पर आयु में छूट निम्नानुसार है:

**(क)** अजा०/अजजा० अभ्यर्थियों को 05 वर्ष।
**(ख)** अपिव० (एनसीएल) अभ्यर्थियों को 03 वर्ष।
**(ग)** भूतपूर्व सैनिक, जिन्होंने साक्ष्यांकन के पश्चात न्यूनतम 06 माह की सेवा पूरी की हो, को सेना में की गयी सेवा की अवधि में 03 वर्ष जोड़कर।

**(घ)** दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के सामान्य निवासी रहे अभ्यर्थियों को 05 वर्ष।

**(ङ)** दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष (अपिव० (एनसीएल) को 13 वर्ष एवं अजा०/अजजा० को 15 वर्ष)।

**(च)** विधवा, तलाकशुदा महिला एवं न्यायिक रूप से पति से पृथक महिला, जिसने पुनर्विवाह न किया हो, उनके लिए अधिकतम आयु सीमा अजा०/अजजा० के लिए 40 वर्ष, अपिव० (एनसीएल) के लिए 38 वर्ष तथा सामान्य (अनारक्षित वर्ग) के लिए 35 वर्ष होगी ।

**(छ)** न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा कर चुके सेवारत रेल कर्मचारी, आकस्मिक श्रमिक एवं एवजी (सब्सटिट्यूट) के लिए अधिकतम आयु सीमा अजा०/अजजा० के लिए 45 वर्ष, अपिव० (एनसीएल) के लिए 43 वर्ष तथा सामान्य (अनारक्षित वर्ग) के लिए 40 वर्ष होगी।

**(ज)** रेलवे के अर्धशासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए उनकी सेवा की कुल अवधि तक, जो अधिकतम 05 वर्ष होगी ।

6. **आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व रोजगार सूचना में दिए गये सभी अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लेना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करते समय वेबपेज पर दी गयी क्रमवार प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना चाहिए। सभी वांछित खाने सावधानीपूर्वक भरे जाने चाहिए। अभ्यर्थी आवेदन करते समय अपने अद्यतन रंगीन फोटोग्राफ, बांये हाथ के अंगूठे का निशान, हस्ताक्षर एवं समस्त अंकपत्र/प्रमाण-पत्र की स्कैन की हुई प्रतियाँ अवश्य अपलोड करें ।

7. **परीक्षा शुल्क:**

| | | |
|---|---|---|
| अजा०, अजजा०, भू० पू० सैनिक, दिव्यांग, महिला, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु | रु० 250 | लिखित परीक्षा में वास्तविक रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों को रु० 250 वापस कर दिया जायेगा । |
| अन्य सभी अभ्यर्थियों हेतु | रु० 500 | लिखित परीक्षा में वास्तविक रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों को रु० 400 वापस कर दिया जायेगा । |

ऑनलाइन आवेदन के वेबपेज पर दिए गये निर्देश के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा किया जाना चाहिए । निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरांत अभ्यर्थी पुनः लॉग-इन करके अपने आवेदन पत्र की एक प्रति आगे की कार्रवाई हेतु अवश्य प्रिंट कर लें ।

8. **भर्ती प्रक्रिया:** ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गये विवरण के आधार पर प्रथमदृष्टया भर्ती के लिए पात्र पाए गये अभ्यर्थियों का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जायेगा:

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | **लिखित परीक्षा** | **50 अंक** |
| | लिखित परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से कराई जाएगी जिसमें कुल **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** होंगे । प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक प्रदान किये जाएंगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट लिए जाएंगे ।<br>लिखित परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न विज्ञापन में उल्लिखित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्तर के तथा समसामयिक घटनाओं, मानसिक योग्यता, परिमाणात्मक अभिरूचि, वाद्य यंत्र, नृत्य और संगीत पर आधारित होंगे। | |
| **(ख)** | **सम्बंधित क्षेत्र में प्रतिभा का मूल्यांकन** | **50 अंक** |
| | (i) प्रायोगिक प्रदर्शन के आधार पर | 35 अंक |
| | (ii) अनुशंसापत्र/पुरस्कार आदि पर | 15 अंक |
| | **योग:** | **100 अंक** |

**<u>नोट-</u>**

**(क)** सभी उमीदवारों के लिए लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हता अंक 40% है।

**(ख)** लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष 5 गुना अभ्यर्थियों को अगले चरण अर्थात प्रायोगिक प्रदर्शन एवं अनुशंसापत्र/पुरस्कार के मूल्यांकन हेतु बुलाया जाएगा।

**(ग)** सभी प्रमाण पत्र अधिसूचना के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि या उससे पहले जारी होने चाहिए।

**(घ)** पैनल में चयन मेरिटक्रम पर आधारित होगा जो कि लिखित परीक्षा एवं सम्बंधित क्षेत्र में प्रतिभा के मूल्यांकन के प्राप्तांकों के योग के आधार पर तैयार की जाएगी।

**9. अभ्यर्थियों के लिए संपर्क का माध्यम:** सभी सूचनाओं का सम्प्रेषण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **<u>www.ner.indianrailways.gov.in</u>** पर प्रकाशन के माध्यम से किया जायेगा। अभ्यर्थियों को अद्यतन सूचना हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **<u>www.ner.indianrailways.gov.in</u>** नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है।

**10. भर्ती की सामान्य शर्तें:**

**(क)** आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह सभी योग्यता शर्तों को पूरा करता है। आवेदन करने की तिथि के बाद अर्जित शैक्षिक अथवा सांस्कृतिक अर्हताएं मान्य नहीं होंगी।

**(ख)** अभ्यर्थियों द्वारा उनके आवेदन पत्र में प्रदत्त सूचनाओं के अनुसार भर्ती की सभी शर्ते पूरी करने पर ही उन्हें लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा तथापि, प्रलेख सत्यापन के समय प्रमाणपत्रों की पूरी जांच तक अभ्यर्थन अनन्तिम रहेगा।

**(ग)** गलत सूचना देने अथवा तथ्यों को छिपाने का प्रयास करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य करार दिया जायेगा एवं उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी। धोखाधड़ी करने अथवा प्रतिरूपण का प्रयास करने वाले अभ्यर्थी को भविष्य में रेलवे द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा।

**(घ)** नियुक्ति के लिए विचारणीय अभ्यर्थियों को रेलवे द्वारा आयोजित निर्धारित चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा।

**(ङ)** चयन होने एवं भर्ती/नियुक्ति के लिए अनुशंसा किये जाने मात्र से अभ्यर्थियों को रेलवे में भर्ती का अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

**(च)** अजा० एवं अजजा० समुदाय के अभ्यर्थियों को भर्ती के किसी चरण में बुलाये जाने पर उन्हें उनके द्वारा आवेदन पत्र में उल्लिखित निकटतम रेलवे स्टेशन से निःशुल्क द्वितीय श्रेणी यात्रा पास जारी किया जायेगा।

**(छ)** सांस्कृतिक कोटा के अन्तर्गत भर्ती में लिपिक श्रेणी के कर्मियों को नियुक्ति की तिथि से दो वर्षों के अन्दर टाइपिंग की निर्धारित दक्षता परीक्षा पास करनी होगी तथा उनकी नियुक्ति निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता अर्जित करने की शर्त पर प्रोविजनल होगी। निर्धारित समयावधि में टाइपिंग अर्हता अर्जित न करने वाले अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा और उनकी सेवायें समाप्त कर दी जायेंगी।

**नोट:**

**(क)** रोजगार सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी रूपों मे भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी रूप ही मान्य होगा ।

**(ख)** अभ्यर्थी की पात्रता, आवेदन को स्वीकार करने या अस्वीकार करने, निःशुल्क रेल यात्रा पास जारी किये जाने, झूठी सूचना के लिए दण्ड, चयन के तरीके, परीक्षा के आयोजन, परीक्षा केन्द्र के आवंटन तथा भर्ती प्रक्रिया से सम्बंधित सभी मामलों में रेलवे भर्ती सेल, पूर्वोत्तर रेलवे का निर्णय अन्तिम और बाध्यकारी होगा तथा इस सम्बंध में किसी प्रकार की पूछताछ या पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**(ग)** इस रोजगार सूचना से सम्बंधित किसी प्रकार के विधिक मामले में सुनवाई का क्षेत्राधिकार केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, इलाहाबाद होगा ।

**(घ)** यह रोजगार सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को इस सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**